# नव दुनिया

| Regional News Paper | Edition : (Bhopal) MP | Circulation: 25000 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 13.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.) |

### विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2025 में बढ़ाया देश का गौरव

# सीआइएसएफ का बर्मिंघम में असाधारण प्रदर्शन, जीते 64 पदक

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2025 में असाधारण प्रदर्शन करते हुए कुल 64 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। खेल आयोजन में भोपाल के खिलाड़ी भी शामिल थे।

विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन है। इसमें दुनिया भर के पुलिस और अग्निशमन कर्मी विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते हैं। इस वर्ष, 70 से ज्यादा देशों के 10 हजार से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। सीआइएसएफ टीम ने छह स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अदम्य साहस, शक्ति और टीम वर्क का परिचय दिया। उनकी सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने में मदद की। सीआइएसएफ राजा भोज एयरपोर्ट के कमांडेंट अतुल भानौत्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि हम फिटनेस, अनुशासन और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों में टीम का प्रदर्शन विश्व मंच पर हमारे कर्मचारियों के बल और दृढ़ संकल्प का परिचायक है।



बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल में सीआइएसएफ के दल ने कई पदक हासिल किए, जिसे दिखाते एक खिलाड़ी। • सौ आयोजक